दिन– शनिवार दिनांक– 26 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

02. सारण संसदीय क्षेत्र मे मतदान के दिन हिंसक झड़प और चुनाव बाद गोलीवारी में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला का तबादला।

03. सेना अध्यक्ष लेफ्टीनेंट जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ाया गया।

04. और, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत कल बोधगया में सुबह छह बजे से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी पार्टियों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। इस चरण में आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने आज जहानाबाद में एनडीए उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि भारत में आज मजबूत सरकार है। जो देश के भीतर और देश के बाहर भी अपने नागरिकों के हितो की सुरक्षा में सक्षम है। उन्होंने दावा किया की इस चुनाव में जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जंगलराज के खिलाफ एनडीए के समर्थन में बड़े पैमाने पर मतदान कर रही हैं। श्री नड्डा ने राष्ट्रीय जनता दल के पुराने शासनकाल पर जमकर हमला बोला।

–––बाईट–––

श्री नड्डा ने आरा और नालंदा लोकसभा क्षेत्र में भी सभाएं की। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सासाराम संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कैमूर जिले के मोहनिया में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को

सम्बोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा।

---बाईट---

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान के परमाणु बम के नाम पर लोगों को डरा रही है। उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर देश का अभिन्न हिस्सा है।

---बाईट---

श्री शाह ने काराकाट संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत सरकार की जरूरत है।

---बाईट---

-------------------------------

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सासाराम लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कैमूर के मोहनिया में सभा को सम्बोधित किया। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ही संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने में सक्षम है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जिन योजनाओं को अपना बता रही उसे सोनिया गांधी और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने शुरू किया था।

---बाईट---

श्री खड़गे ने गांधी परिवार पर किए जा रहे हमलो का विरोध किया और भाजपा नेताओं की भाषा पर आपत्ति जताई।

---बाईट---

श्री खड़गे ने पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित एक चुनावी सभा को भी सम्बोधित किया।

-------------------------------

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बक्सर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास और नौकरी की बात कर रहे है तो भाजपा के नेता उन्हें जेल में डालने की चेतावनी दे रहे हैं।

---बाईट---

श्री यादव ने महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में काराकाट, जहानाबाद नालंदा और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्रों में भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज और आरा लोकसभा क्षेत्र के जगदीशपुर में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने मतदान संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए इलेक्शन मित्र एप और चैट बोट की शुरूआत की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने आज इलेक्शन मित्र एप और चैट बोट नंबर जारी किया। चैट बोट नंबार सात चार आठ शून्य आठ आठ आठ चार नौ तीन डायल कर कोई भी मतदाता वोटिंग संबंधित जानकारी ले सकता है।

———बाईट———

———————————————————————

रोहतास जिले के स्वीप आईकॉन क्रिकेटर आकाशदीप से आइकॉन दर्जा वापस लेने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आकाशदीप पर काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के चुनावी सभा में मंच साझा करने का आरोप है।

———————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के पद पर कार्यरत आशीष कुमार को सारण जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला का स्थानान्तरण कर दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थको के बीच हिंसक झड़प की घटना के बाद चुनाव आयोग ने पुरी रिपोर्ट मांगी थी।

———————————————————————

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल इस वर्ष तीस जून तक बढाने को मंजूरी दे दी है। जनरल पांडे इकतीस मई को सेवानिवृत्त होने वाले थे । उन्हें तीस अप्रैल दो हजार बाइस को सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। जनरल पांडे को दिसंबर उनीस सौ बयासी में कोर ऑफ इंजीनियर्स में कमीशन मिला था। सेनाध्यक्ष का पद संभालने से पहले वे उप—सेनाध्यक्ष के पद पर नियुक्त थे।

———————————————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में कल बोधगया में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया जायेगा। संस्थान के निदेशक डॉक्टर काशीनाथ समागंडी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्‌घाटन आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मगध बोधगया विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान में सुबह छह बजे से सुबह आठ बजे तक किया जायेगा।

———————————————————

हज यात्रा के लिए गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्‌डे से राज्य के आजमीनें हज की रवानगी शुरू हो गई। तीन सौ बीस हज यात्रियों का पहला जत्था गया एयरपोर्ट से मक्का और मदीना के लिए आज सुबह रवाना हुआ। इस दौरान राज्य हज कमिटी के पदाधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी को प्रकोप जारी है। पटना, नालंदा, गया, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्या भागों मे अधिकतम पारा बियालीस डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में मधुबनी, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, बक्सर, नालंदा,

मुंगेर समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य भागो से के कई स्थानों पर में लू चलने की संभावना है।

———बाईट———

वहीं, पटना, दरभंगा, रोहतास और नालंदा जिले के कई भागों में आज गर्म रात्री की आशंका है।

———————————————————————

कवि कोकिल विद्यापति के जीवन पर आधारित फिल्म का आज पटना के विद्यापति भवन मे प्रीमियर आयोजित किया गया। इधर, चेतना समिति और सुधा फाउंडेंशन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापति भवन में ही छह दिवसीय पारम्परिक गीत प्रशिक्षण कार्याशाला भी आज से शुरू हो गई।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकिहाट प्रखंड के चरघड़िया में पुलिस ने छापेमारी कर एक दुकान से भारी मात्रा मे नकली खाद और नकली कीटनाशक बरामद किया।

———————————————————————

नवादा जिले के नारद संग्रहालय में संग्रहालय सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके तहत संग्रहालय की भूमिका से लोगों को परिचित कराने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान भारी मात्रा मे शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

रोहतास जिले के आरा–मोहनिया राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या तीन सौ उन्नीस पर दो अलग–अलग हादसो में दो लोगों की मौत हो गई। जबकी दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

02. सारण संसदीय क्षेत्र मे मतदान के दिन हिंसक झड़प और चुनाव बाद गोलीवारी में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले मे सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला का तबादला किया।

03. सेना अध्यक्ष लेफ्टीनेंट जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ाया गया।

04. और, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत कल बोधगया में सुबह छह बजे से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

समाप्त